# 2024

## HINDI — HONOURS

**Paper : SEC-A-1 and SEC-A-2**

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

**Paper : SEC-A-1**

**(Vigyapan : Awadharna, Nirman evam Prayog)**

**Full Marks : 80**

**(विज्ञापन : अवधारणा, निर्माण एवं प्रयोग)**

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

   (क) आधुनिक विज्ञापन का जनक किसे कहा जाता है? उनका जन्म कहाँ हुआ था?

   (ख) विज्ञापन एजेंसियों के दो प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए।

   (ग) विज्ञापन के दो प्रमुख अत्याधुनिक दृश्य माध्यमों के नाम लिखिए।

   (घ) किन्हीं दो प्रसिद्ध कॉस्मेटिक ब्रांडों के नाम लिखिए।

   (ङ) Promotion और Distribution को हिन्दी में क्या कहते हैं?

   (च) विज्ञापन प्रचार संबंधी दो रणनीतियों का उल्लेख कीजिए।

   (छ) सरकार द्वारा स्वास्थ्य संबंधी प्रायोजित किन्हीं दो विज्ञापनों के नाम लिखिए।

   (ज) विज्ञापन संबंधी आवश्यक दो कानूनों का उल्लेख कीजिए।

   (झ) 'देश की धड़कन' और 'टेस्ट ऑफ इंडिया' किन उत्पादों की टैग लाइन है?

   (ञ) विज्ञापन डिजाइन (अभिकल्पना) में लोगो (logo) की दो विशेषताएँ लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4

   (क) सहकारी विज्ञापन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

   (ख) विज्ञापन के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालिए।

   (ग) ब्रांड की अवधारणा पर प्रकाश डालिए।

   (घ) विज्ञापन के नकारात्मक प्रभावों की चर्चा कीजिए।

   (ङ) 'राष्ट्रीय एकता' संबंधी किसी एक विज्ञापन की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

10×4

3. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) विज्ञापन की अवधारणा स्पष्ट करते हुए विज्ञापन संबंधी सिद्धान्तों की चर्चा कीजिए।

(ख) 'विज्ञापन लेखन एक सृजनात्मक कार्य है'— कथन की पुष्टि कीजिए।

(ग) हिन्दी विज्ञापनों की भाषा एवं शैली पर विचार कीजिए।

(घ) मीडिया प्लानिंग क्या है? विज्ञापन अभियान में इसकी भूमिका का विस्तृत विवेचन कीजिए।

(ङ) समाचार पत्रीय विज्ञापन की विशेषताएँ बताइए।

**Paper : SEC-A-2**

**(Sahitya aur Hindi Cinema)**

**Full Marks : 80**

**(साहित्य और हिंदी सिनेमा)**

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'अछूत कन्या' फिल्म के नायक-नायिका के नाम बताइए।

(ख) 'शोले' फिल्म की दोनों नायिकाओं की भूमिका किन अभिनेत्रियोंने की है?

(ग) 'राजा हरिश्चंद्र' फिल्म के निर्माता और निर्देशक कौन थे?

(घ) 'तीसरी कसम' फिल्म के निर्देशक एवं गीतकार कौन थे?

(ङ) 'मदर इंडिया' फिल्म किस विषय पर बनी थी एवं इसकी नायिका का किरदार किस अभिनेत्री ने निभाया था?

(च) 'पान सिंह तोमर' फिल्म के निर्देशक एवं नायक कौन थे?

(छ) 'आँधी' फिल्म के नायक-नायिका के नाम बताइए।

(ज) 'तारे जमीं पर' फिल्म के नायक एवं बाल कलाकार का नाम बताइए?

(झ) पाठ्यक्रम में निर्धारित खेल से सम्बन्धित फिल्म और उसके निर्देशक का नाम बताइए।

(ञ) 'मुन्ना भाई एम. बी. बी. एस' में डीन और सर्किट की भूमिका किन अभिनेताओं ने निभायी थी?

2. किन्हीं ***चार*** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4

(क) 'दो आँखें बारह हाथ' फिल्म की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'समानान्तर सिनेमा' पर टिप्पणी लिखिए।

(ग) सिनेमा की सामाजिक भूमिका पर टिप्पणी लिखिए।

(घ) 'दिलवाले दुलहनिया ले जाएँगे' फिल्म की समीक्षा कीजिए।

(ङ) फिल्म निर्माण में पटकथा लेखन के तत्वों पर विचार कीजिए।

(च) 'बाल फिल्मों' पर टिप्पणी लिखिए।

3. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए : 10×4

(क) सिनेमा की भाषा पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

(ख) फिल्म समीक्षा के अनिवार्य पहलुओं पर विचार करते हुए 'शोले' फिल्म की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'भारतीय मध्यवर्ग और हिन्दी सिनेमा' पर चर्चा कीजिए।

(घ) सिनेमा और उपन्यास के अंतरसंबंध पर प्रकाश डालिए।

(ङ) बायोपिक फिल्म की दृष्टि से 'मैरीकॉम' फिल्म की समीक्षा कीजिए।

(च) फिल्म निर्देशन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

---